डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 141 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 06 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया




## शहर को मिला एक और शव वाहन

### दुबई के व्यापारी ने किया दान, सांसद कहिन-सिंधी समाज सेवा में अग्रणी



**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शहरवासियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से झूलेलाल सिंधु महल को मंदसौर के मूल निवासी और वर्तमान में दुबई के व्यापारी करण कुमार और नरेश कुमार भावनानी ने एक नया शव वाहन दान किया है। यह वाहन शहर के लोगों को निःशुल्क सेवा प्रदान करेगा।**

सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन और पूर्व मंत्री कैलाश चावला की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने सिंधु महल के संयोजक दृष्टानंद नैनवानी को वाहन की चाबियां सौंपी। सिंधु महल के सचिव पुरुषोत्तम शिवानी ने बताया कि करण भावनानी ने वैदिक मंत्रों के साथ महाकाल व मुक्तिधाम रथ की पूजा की। सांसद सुधीर गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि सिंधी समाज सनातन धर्म का अनुयायी है और शहर की हर गतिविधि में सेवा कार्यों में अग्रणी रहता है। श्री शिवानी ने बताया कि इससे पहले भी शहर को शव वाहन दान किए जा चुके हैं। ओमप्रकाश पुरुषोत्तम गुरबानी परिवार ने रोटरी क्लब के माध्यम से एक शव वाहन दान किया था। शहर की छोटी गलियों के लिए एक छोटा शव वाहन तत्कालीन विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया और श्री प्रेम प्रकाश आश्रम के सहयोग से मिला था।

## पेड़ से टकराई कार, एक की मौत, दो घायल

**मनासा, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के कचोली मार्ग पर एक कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 21 साल के एक युवक की मौत हो गई। वहीं कार में बैठे दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। यह दुर्घटना मंगलवार देर रात की है।

मृतक की पहचान भाटखेड़ी नाका मनासा निवासी रघुनंदन उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई है। वह अपने दो दोस्तों के साथ घूमने गया था। कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और पलट गई। रघुनंदन ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार उसके दोनों दोस्त मामूली रूप से घायल हुए। राहगीरों ने डायल 100 पर सूचना दी। मनासा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने पलटी हुई कार को सीधा किया। इस दौरान मृतक का शव कार से बाहर आ गया। पुलिस शव को मनासा के सरकारी अस्पताल ले गई। जहां पीएम करवाकर शव परिजनो को सुपूर्द किया गया।

# किताबों के खेल पर लगाम लगाने की जरूरत

### ✻ निजी प्रकाशकों के माध्यम से कमीशन का खेल, अभिभावक की जेब पर भारी पड़ती स्कूलों की मुनाफाखोरी ✻ रतलाम के बाद मंदसौर में कलेक्टर की सख्ती की जरूरत

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस। किताबों के मामले में सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही है। छोटे बच्चों की किताबों में मोटा कमीशन खाने के लिए स्कूल संचालक सीबीएसई की गाइड लाइन को भी दरकिनार कर रहे हैं। इस बात की जानकारी प्रशासन से लेकर शिक्षा विभाग तक के अफसरों को है। लेकिन, कार्रवाई के नाम पर प्रत्येक अफसर अधिकारों की दुहाई देने लगता है। आगामी 01 अप्रैल से शुरू होने वाले नए सत्र के लिए भी शिक्षा विभाग की कोई तैयारी नहीं है। इधर स्कूल संचालकों और निजी प्रकाशकों के बीच डील पहले ही हो चुकी है। इन दोनों की जुगलबंदी और मुनाफाखोरी अभिभावकों की जेब पर भारी पड़ रही है। यहां रतलाम कलेक्टर ने इस संबंध में निर्देश जारी कर थोड़े सख्त तेवर दिखाए है। इसी तरह से मंदसौर में भी सख्ती की जरूरत है।**

सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) द्वारा कई बार सर्कुलर जारी किया। जिसमें कहा गया कि सीबीएसई के सभी स्कूलों में कक्षा 8 वीं तक एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित सिलेबस ही छात्रों को पढ़ाया जाए। सीबीएसई ने कई बार निर्देश देते हुए कहा जा चुका है कि स्कूल संचालक, पालकों को अतिरिक्त किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं करें। लेकिन, शहर के अधिकांश निजी स्कूल सीबीएसई के इस निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं। हालांकि इस मामले को लेकर शिकायतें लगातार होती रही हैं। लेकिन, जिम्मेदारों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इस साल भी स्कूल संचालकों ने प्राइवेट किताबें खरीदने के लिए पालकों को बाध्य करने की तैयारी अभी से कर ली है।

### एनसीईआरटी की किताबें मिल रही 50 रुपए में, प्राइवेट 400 में...

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की एक किताब की कीमत 45 से 50 रुपए है। जबकि, सीबीएसई के निजी स्कूलों में चलाई जा रही एक किताब की कीमत 200 से लेकर 400 रुपए तक है। किताबों को बेचने वाले दुकानदारों को स्कूल संचालक को कमीशन देना पड़ता है। इसलिए किताबों के दाम प्रकाशकों से मिलकर बढ़वाकर प्रिंट करवाना पड़ता है।



### सिलेक्टेड दुकानों पर मिलती किताबें...

महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूलों की किताबें फिक्स दुकानों पर ही मिलती है। इनसे स्कूल संचालकों को कमीशन मिलता है। इससे दुकानदार मनमानी तरीके से किताबों के रेट लगाते हैं। नया सत्र 01 अप्रैल से शुरू होने वाला है। लेकिन, अब तक स्कूल शिक्षा विभाग ने किताबों को लेकर कोई निर्देश जारी नहीं किए। स्कूल संचालकों में जिला प्रशासन का डर भी इसलिए नहीं है। क्योंकि, ऐसे स्कूलों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की जाती।

## कोर्स, यूनिफॉर्म को लेकर नहीं बना सकेंगे दबाव

### रतलाम में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक; कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

रतलाम में प्राइवेट स्कूल निर्धारित कोर्स और प्राइवेट पब्लिशर की पुस्तकें नहीं चला सकेंगे। कोई भी स्कूल व्यक्ति विशेष दुकान से कोर्स, यूनिफॉर्म को लेकर बाध्य नहीं करेगा। पेरेंट्स अपनी आवश्यकतानुसार बुक्स खरीद सकेंगे। दुकानदार भी किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं बनाएगा। रतलाम कलेक्टर राजेश बाथम ने आगामी शैक्षणिक सत्र को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी प्राइवेट स्कूल में संचालित की जा रही क्लासेस के लिए निर्धारित कोर्स पुस्तकों की सूची स्कूल के सूचना बोर्ड व अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड करना होगी। स्कूल में प्रवेश देते समय निर्धारित कोर्स की सूची भी पेरेंट्स को देना होगी। कक्षाएं शुरू होने के पूर्व पुस्तक सूची, उनका मूल्य एवं प्रकाशन की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को देना होगी। स्कूल सेशन के बीच पुस्तक सूची में परिवर्तन न किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति शैक्षणिक संस्था प्रमुख, संचालक, स्कूल स्टाफ द्वारा इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का दोषी माना जाएगा।

**यह निर्देश जारी किए...**

✻ कोई भी प्राइवेट स्कूल प्रबंधन पुस्तकें, कापियां, यूनिफॉर्म आदि किसी दुकान विशेष से खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। ✻ ऐसी सामग्री जो निर्धारित पाठ्यक्रम से संबंधित नहीं है, का समावेश पाठ्य सामग्री के साथ नहीं किया जा सकेगा। ✻ यदि किसी विद्यार्थी के पास पूर्व से पुरानी पुस्तक उपलब्ध है, तो उसे पुन: नई पुस्तक खरीदने के लिए दबाव नहीं बनाया जाए। ✻ निजी प्रकाशन, मुद्रक, विक्रेता स्कूल परिसर के भीतर या अन्य माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए स्कूल परिसर में प्रवेश नहीं करेंगे। ✻ कोई भी स्कूल प्रबंधन अधिकतम दो से अधिक यूनिफॉर्म निर्धारित नहीं कर सकेंगे। ब्लेजर इसके अतिरिक्त होगा। ✻ स्कूल यूनिफॉर्म का निर्धारण इस प्रकार किया जाएगा कि कम से कम तीन सत्र तक उसमें परिवर्तन नहीं हो। ✻ कार्यक्रम विशेष हेतु भी विद्यार्थियों, अभिभावकों को वेशभूषा क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किया जाए।




## सांसद ने किया जन औषधि केंद्र का निरीक्षण

### आमजन के लिए 50 प्रतिशत से ज्यादा सस्ती दवाएं उपलब्ध

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस। जन औषधि दिवस सप्ताह के अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाईयों की स्थिति को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए।**

सांसद गुप्ता ने बताया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सस्ती कीमत पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। यहां मिलने वाली दवाएं बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती हैं। केंद्र पर मधुमेह, रक्तचाप और गैस्ट्रो जैसी सभी प्रमुख बीमारियों की दवाएं उपलब्ध हैं। सांसद ने जनता से अपील की कि वे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से ज्यादा से ज्यादा दवाएं खरीदें। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव एवं संयुक्त कलेक्टर राहुल चौहान, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि और रेडक्रॉस का स्टाफ मौजूद रहा।

## जिले में फर्जी पट्टा प्रकरण के आरोपी पर मामला दर्ज, जीरन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नीमच, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** तहसील जीरन के ग्राम चीताखेड़ा में फर्जी पट्टा जारी करने और सरकारी दस्तावेजों में कूट रचना करने के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। आरोपी विक्रम पिता सुरेश सुथार के खिलाफ थाना जीरन में IPC की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 467 (जालसाजी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। आज जीरन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। तहसीलदार जीरन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी .... शेष पेज 4 पर

# डॉक्टर व नर्स की लापरवाही से गर्भ में ही शांत हो गया बेबी?






**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल में बुधवार को एक बार फिर से डॉक्टर व नर्सो क़ी लापरवाही से एक गर्भवती महिला का बच्चा गर्भ में ही शांत हों गया। बीते दो दिनो से महिला के परिजन नर्सो व डॉक्टर से गुहार लगाते रहे क़ी इनका ऑप्रेशन कर दो। लेकिन, गैर जिम्मेदार अस्पता स्टाफ ने उनकी एक नहीं सुनी।

पीड़ित महिला रानू कुंवर पति जितेंद्र सिंह चौहान के परिजनो ने यह आरोप लगाया है। श्रीमती रानू कुंवर का मायका मुंदेडी में हैं और ससुराल उज्जैन जिले में हैं। वह गर्भवती होने के बाद मायके आई हुई थी। सोमवार रात क़ो तकरीबन 02 बजे इनको अधिक दर्द होने लगा था तो उसे परिजन गंभीर हालत में बड़े अस्पताल लाएं यहां उसे भर्ती कर लिया गया। उस समय से ही रानू को काफ़ी पीड़ा हों रही थी। परिजनों ने व स्वयं रानू कुंवर ने डॉक्टर व नर्स से कहा कि आप तो आपरेशन कर दो, मुझे बहुत दर्द हों रहा हैं। लेकिन, डॉक्टर व नर्स लापरवाही करतें रहे। वे यह कहते रहे क़ी इनकी नार्मल डिलीवरी होगी, आप चिंता मत करों। ज़ब महिला क़ो ज्यादा दर्द होने लगा तो वह और परिजन ने पुनः कहा कि ऑपरेशन कर दो। लेकिन, ड्यूटी नर्स कहने लगी तुम खुद करलो ऑपरेशन और बद्तमीजी करने लगी। जब जब देर शाम पीड़िता की हालत बिगड़ी तो पीड़ित रानू कुंवर के साथ रही उनक़ी माताजी से एक नर्स ने आकर एक फार्म पर अंगूठा लगवाया और उसे गाली देते हुए बाहर निकलने के निर्देश दिए।

कुछ देर बाद एक मृत बच्चा लाकर उन्हें दे दिया क़ी यह तो मर गया? परिजन इस घटनाक्रम में बड़े अस्पताल क़ी महिलाओ क़ी डॉक्टर और नर्स जिम्मेदार मान रहे हैं। क्यूंकी ज़ब पीड़ित व उसके परिवारजन लगातार कह रहे थे कि आपरेशन कर दो तो ऑपरेशन नहीं किया और बच्चें क़ी मरनें के बाद सुध ली। परिजनो का कहना है कि इस मामले में जिम्मेदार नर्स व डॉक्टर पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। क्यूंकी इस पुरे मामले में डॉक्टर व नर्सो क़ी लापरवाही हैं। खबर लिखे जाने तक पीड़ित महिला इमरजेंसी वार्ड में एडमिट थी और उसे पता नहीं कि उसका बच्चा शांत हों गया हैं। देखना है कि बड़ा अस्पताल एवं जिला प्रशासन इस मामले में कैसी जांच करवाता है और आरोपी डाक्टर व नर्स पर क्या कार्यवाही की जाती है।

## धीनवा टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ में एक आरोपी पिपलियामंडी से गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गत शुक्रवार को निंबाहेड़ा उदयपुर स्टेट हाईवे पर धीनवा टोल नाके पर पैसों के विवाद को लेकर हुई तोड़फोड़ व हमले के मामले में कोतवाली निम्बाहेड़ा पुलिस ने हमलावर एक और आरोपी को पिपलियामंडी से गिरफ्तार किया है। चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत शुक्रवार को शाम निंबाहेड़ा उदयपुर स्टेट हाईवे पर धीनवा टोल प्लाजा पर कुछ लोगों ने पैसों की विवाद को लेकर कर्मचारियों पर सरियों व लाठियों से हमला किया तथा केबिन, सर्वर रूम में तोड़फोड़ की। टोल कर्मी कमलसिंह की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच की गई। एएसपी सरितासिंह व डीएसपी निंबाहेड़ा बद्रीलाल राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोतवाली निंबाहेड़ा रामसुमेर मीणा को जांच सौंपी गई। पुलिस ने पूर्व में मुख्य आरोपी दिनेश माली पुत्र कन्हैयालाल माली निवासी इन्द्रा कालोनी निम्बाहेडा एवं संजय माली उर्फ सन्जू बाबा पुत्र गोपाल माली निवासी नया बाजार निम्बाहेडा को 02 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा शेष वांछित आरोपियों की धरपकड हेतू थाना स्तर पर टीम का गठन कर तलाश की गई। तलाशी कर मामले में एमपी के मंदसौर जिले के प्रताप कॉलोनी पिपलियामण्डी निवासी 30 वर्षीय शैलेन्द्र माली पुत्र भॅवरलाल माली को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय मे पेश किया जहा से पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है।




# पंच वर्षीय पशु गणना में एकसौ से ज्यादा लोगों ने गिने पशु

### कई तरह के पशुओं की हुई गितनी, केंद्र बताएगा आंकड़ा



**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में पशु गणना पूरी हो गई है। भारत सरकार द्वारा जारी एप के माध्यम से गणना की गई हैं। लगभग तीन माह तक चली गणना में जिले में कितने पशु मिले हैं, अब दिल्ली से ही जिले में पशुओं की संख्या के आंकड़े जारी होंगे। तीन माह तक 120 प्रगणकों द्वारा जिले में पशु गणना की गई। प्रत्येक प्रगणक को ग्रामीण क्षेत्र में 3 हजार और शहरी क्षेत्र में 4 हजार परिवार दिए गए थे। गाय, भैंस, बकरी, भेड, कुत्ते, घोड़े, ऊंट, गधे सहित 22 तरह के पशुओं की गणना की गई हैं। पांच वर्ष में होने वाली गणना में पिछली बार जिले में 07 लाख पशु गिने गए थे। पशुपालन विभाग के अनुसार इस बार गणना में पशुओं की संख्या कम होने व पशुपालकों की संख्या बढ़ने की संभावना हैं।

पांच वर्ष में एक बार होने वाली पशुधन गणना जिले में 19 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुई थी। बीती 28 फरवरी तक गणना पूरी किए जाने की समय सीमा निर्धारित की गई थी। जिले में पशु गणना का कार्य 10 दिन पहले ही पूरा कर लिया गया हैं। इस बार 21वीं राष्ट्रीय पशुधन गणना की जा रही हैं। इस गणना में गाय, भैंस, घोडे, बकरी, श्वान, भेड़ सहित 22 तरह की पशुओं की गणना की जाती हैं। जिले में तीन माह चली पशुधन गणना में 120 प्रगणक, 16 सुपर वाईजर और एक जिला नोडल अधिकारी द्वारा कार्य पूरा किया गया। एक प्रगणक द्वारा क्षेत्र में 3 हजार और शहरी क्षेत्र में 4हजार परिवारों में पहुंचकर पशुधन की गणना की गई। केंद्र सरकार के एप भारत पर आनलाइन की गई हैं। जिससे जिले के पशुधन की संख्या एप पर सीधे दिल्ली पहुंच गई हैं। अब कुछ समय बाद देशभर के सभी जिलों के आंकड़ों के साथ मंदसौर जिले में कितने पशु हैं, यह संख्या सामने आएगी।

### पशुपालकों की संख्या बढ़ने की संभावना...

जिले में हुई पशुधन गणना में पशुपालन विभाग के पास संख्या तो नहीं, लेकिन रूझान जरूर हैं। जिससे यह स्पष्ट हो रहा हैं की जिले में पिछली पशुधन गणना की तुलना में इस बार पशुओं की संख्या कम हुई हैं। लेकिन, पशुपालकों की संख्या पिछली गणना के मुकाबले बढ़ी हैं। पिछली गणना में जिले में सभी 22 तरह के पशुओं की संख्या 7.25 लाख थी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस साल जिले में पशुओं की संख्या कम हो सकती हैं। जबकि, पशुपालक बढे हैं। पहले जिन पशुपालकों के पास 5-5, 10-10 पशु होते थे, अब एक-एक, दो-दो पशुओं का पालन कर रहे हैं। जिससे पशुओं की संख्या कम होती नजर आ रही हैं, लेकिन पशुपालकों की संख्या बढ़ रही हैं।

### इसलिए कराते है पशु गणना...

राष्ट्रीय पशुधन जनगणना पालतु पशुओं की आबादी की गणना के लिए पंचवर्षीय अभ्यास हैं। यह पहली बार 1919 में आयोजित किया गया था और उसके बाद यह हर पांच साल में की जा रही है। जिसमें पशुओं की प्रजातियों, नस्ल, आयु, लिंग और स्वामित्व की स्थिति पर विस्तृत डेटा पता किया जाता हैं। यह जानकारी नीति निर्माण, आर्थिक नियोजन और पशुधन क्षेत्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता हैं। इसी पर योजनाएं तैयारी होती हैं और आवश्यक सुधार के कदम भी उठाएं जाते हैं।





**दहशत–** मंदसौर शहर से लगते खिलचीपुरा ग्राम के एकता नगर में फिर दिखा तेंदुआ, जिससे रहवासियों में दहशत है। हालांकि, यह नहीं कहा जा सकता है कि दिखाई दे रहा जानवर तेंदूआ ही है या लकड़बग्गा?




# शहर ब्लाक व ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस के नेतृत्व में मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला फूका

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनों एक सभा में मध्यप्रदेश शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा एक निंदनीय बयान दिया गया जिसमें उनके द्वारा जनता द्वारा सरकार से की जाने वाली मांगों को भीख मांगना बताया गया। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस व मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मंत्री मंत्री प्रहलाद पटेल का विरोध स्वरूप पुतला फूंका गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ व प्रदेश की मोहन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मंत्री प्रहलाद पटेल के दो पुतले जलाए गए। पुतले जलाने से पहले जिला कांग्रेस के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की वह मंत्री प्रहलाद पटेल का इस्तीफा मांगा। पुलिस के वाटर कैनन के प्रयोग के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो पुतले फूंक दिए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा दिया गया बयान घोर निंदनीय है ऐसे बयान जनप्रतिनिधि को पद पर रहते हुए नहीं देना चाहिए। लोकतंत्र में जनता हमारे लिए सर्वोपरि है। चुनाव में हम इसी जनता के हाथ जोडते हुए वोट मांगते हे पर सत्ता में बैठ जाने के बाद जब जनता मांगों को लेकर हमारे पास आती है तब उनकी मांगों का हमें निराकरण करना चाहिए ना कि उन्हें अपमानित करना चाहिए। मंत्री प्रहलाद पटेल को जनता से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर श्री जैन ने आगे कहा कि यदि मंत्री प्रहलाद पटेल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध तरीके से पूरे जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा आंदोलन किए जाएंगे। पुतला दहन के कार्यक्रम के इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारती, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री महेंद्र सिंह गुर्जर, जगदीश धनगर, प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त मंदसौर नीमच जिला मीडिया प्रभारी समर सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा, जिला कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री कांतिलाल राठौर ,अजय लोढा ,सुरेंद्र कुमावत, राजनारायण लाड, सुनील बसेर, अनूप जोशी, माजिद चौधरी, जगन्नाथ पटेल, मुर्तजा घडीयाली,कमलेश जैन, शमशु भाई ,लक्ष्मण मेघनानी, जितेंद्र सोपरा,संजय नाहर, राजेश फरक्या, विजय सिंह सिसोदिया ,विनोद शर्मा ,वहीद जैदी, विश्वास दुबे,बाबू सब्जी फरोश, मंदसौर नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, मोर्चा संगठन में किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बद्रीलाल धाकड, सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवडा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती रूपल संचेती, पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर, अजजा जिला अध्यक्ष रमेश सिंगार, महिलाओं में श्रीमती अंजू तिवारी , अनीता भदोरिया,वर्षा सांखला, कुमकुम सिसोदिया, नेहा कनकमाल जैन ,मंडलम अध्यक्ष में सर्वश्री रमेश बिजवानी, नितेश सतीदासानी, दशरथ राठौर,अजय सोनी, विजय जैन,पंकज जोशी साथ ही इस अवसर पर एनएसयूंआई के पुर्व जिला अध्यक्ष राजेश सोलंकी, राजेंद्र सेठिया, मनोहर नाहटासंजय जैन,अमीन खान, श्याम साल्वी,अक्षय सेठिया, राकेश सेन,गगन माली, शैलेश माली, बबलू माली, एनएसयूआई के नेता हरीश पाटीदार, सम्यक जैन,यश श्रीवास्तव,दुर्गा शंकर धाकड़, दुर्गेश चंदेल, शंकर लाल मालवीय आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।सभी कार्यकर्ताओं का आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा ने माना।

## मिलावटी केमिकल युक्त रंग व गुलाल पर जनहितार्थ प्रतिबंध लगाया जावे

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच मालवा प्रांत द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर डिप्टी कलेक्टर देवकुंवर सोलंकी को देकर मिलावटी केमिकल युक्त रंग व गुलाल पर जनहितार्थ प्रतिबंध लगाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा कि प्रतिवर्षानुसार रंग गुलाल के त्योहार होली के पावन पर्व पर



केमिकल युक्त मिलावटी रंगों से स्क्रीन प्रॉब्लम, आंखों की समस्या सहित अनेक बीमारियां उत्पन्न होती है इसलिए प्रतिबंध लगाकर संपूर्ण मंदसौर जिले में क्रय विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित करने की कार्यवाही कर आम जनता को रंग के होने वाले नुकसान से बचाए व केमिकल युक्त रंगों पर प्रतिबंध लगाये। ज्ञापन का वाचन वीरेंद्र आर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग संयोजक पं. दिलीप व्यास, विभाग सहसंयोजक अंकुश पालीवाल, जिला विचार प्रमुख राजेश चौहान, जिला वरिष्ठ आयाम प्रमुख वीरेंद्र आर्य, धर्मेंद्र रामावत, नगर संयोजक कनिष्क शर्मा, अभिजीत सिंह मंडलोई, अंकित कोठारी, राजेश शुक्ला, दिलीप चौधरी, डॉ हेमंत नामदेव, रजत जैन, देवेंद्र भारती, जितेंद्र पाटीदार, उदित जैन, भरत ओझा, सतीश बैरागी, रविंद्र सिंह जादौन, शुभम दुबे, महेंद्र सिंह राजावत, नितेश माली, किशन पांडे, घनश्याम वर्मा, गोविंद सिंह सिसोदिया, राहुल वास्टा, अनमोल वधवा, भूपेंद्र कच्छारा, अखिलेश सोनी, दुर्गेश टेलर, प्रभुलाल प्रजापत आदि स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वार्ड नं. 33 में 13 लाख रू. की राज्यसभा सांसद निधि से डामरीकरण कार्य होगा

## राज्यसभा सांसद गुर्जर व भाजपा जिलाध्यक्ष पं. दीक्षित ने भूमिपूजन किया




**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा कल बुधवार को गौशाला नाका नं. 10 के समीप स्थित हैदरवास ग्राम की ओर जाने वाले मार्ग एवं रामघाट के समीप स्थित माली मोहल्ला में डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने दोनों कार्यो के लिये पार्षद श्री कमलेश सिसोदिया की मांग पर 13 लाख रू. की राशि राज्यसभा सांसद निधि से प्रदान की है। कल इसी कार्य का राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित के मुख्य आतिथ्यि, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षताएवं भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी श्री कंवरलाल पाटीदार हैदरवास सरपंच रंगलाल धनगर, उपसरपंच सूरजमल परमार के विशेष आतिथ्य में भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कमलेश सिसौदिया, नपा सभापतिगण निर्मला नरेश चंदवानी, निलेश जैन, भावना पमनानी, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, पार्षदगण गोरर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, राकेश भावसार, गरिमा भाटी, आशीष गौड़, युसुफ गौरी, भाजपा नेता जीवन शर्मा गुर्जरबर्डिया, अफजल हुसैन शाह, अंकित सोनी, चुन्नीलाल चौहान, कैलाशचन्द लौहार, गोवर्धन माली, डालुराम खोईवाल, जड़ावचंद परमार, मुकेश धनगर, विपिन भादविया, मनोहर माली, अशोक गेहलोत, विजय राठौर मल्हारगढ़, नपा उपयंत्री पंकज साकी सहित कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। मतदान केन्द्र अध्यक्ष शांतिलाल परमार, बंटी चौहान, प्रदीप सोनी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की मोहन यादव सरकार दोनों ही जनता के विकास के लिये समर्पित भाव से काम कर रही है। किसानों महिलाओं के विकास की योजनाओं पर तेजी से अमल रहा है। किसानों को उनकी उपज का पूरा दाम तथा महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान मिले इसी उद्देश्य को लेकर दोनों सरकारे काम कर रही है। आपने इस मौके पर जन औषधि केन्द्र पर मिलने वाली सस्ती दवाईयों की भी जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने कहा कि पूर्व में जब विरोधी दलों की सरकारे थी तब बिजली सड़क, पानी की बहुत दिक्कत थी ये सभी समस्याये भाजपा की सरकारों ने समझी अै और उनका निराकरण किया है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवान ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों ने श्री गुर्जर व पं. दीक्षित का गर्मजोशी से स्वागत भी किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक गाजवा ने किया व आभार भाजपा नेता चुन्नीलाल चौहान ने माना।

**वार्ड नं. 37 जमीदार कॉलोनी रोड़ नं. 1 में सीसी कार्य होगा, भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न–** बुधवार को वार्ड नं. 37 जमीदार कॉलोनी गली नं. 1 में नपा परिषद के द्वारा राज्यसभा सांसद निधि से होने वाले सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय पार्षद दीपक गाजवा की मांग पर राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने 12 लाख रू. की राशि राज्यसभा सांसद निधि से दी है। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुंर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा उत्तर मण्ड अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत के मुख्य आतिथ्य में सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद दीपक गाजवा, नपा लोक निर्माण सभापति निर्मला चंदवानी, पार्षदगण नरेन्द्र बंधवार, गोरर्धन कुमावत, गरिमा भाटी, विनय दुबेला, समाजसेवी राकेश जैन एमपी एग्रो, शीतलकोतक, लीलाशंकर सेठिया, अशोक कर्नावट, जिनेन्द्र ओस्तवाल, आयुष मारू, विनोद सेठिया, मोहनलाल कर्नावट, संतोष सेठिया, युसुफ गौरी, पार्षद ईश्वरसिंह चौहान, संतोष सोनगरा, कुलदीप वैध आदि ने श्री गुर्जर का माला पहनाकर स्वागत किया।

# भाकिसं ने तहसील स्तरों पर मनाया स्थापना दिवस



**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय किसान संघ मालवा द्वारा अपना स्थापना दिवस मन्दसौर जिले की सीतामऊ, मल्हारगढ़, दलोदा, मंदसौर तहसील स्तर पर मनाया गया।

जिला इकाई मन्दसौर प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश चौधरी जाट ने बताया स्थापना दिवस सभी गांव में एक सप्ताह तक समितियों द्वारा मनाया जाएगा। समर्पण दिवस 4 मार्च मंगलवार 2025, राष्ट्र ऋषि श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के द्वारा राजस्थान प्रांत के कोटा शहर में 4 मार्च 1979 को नामकरण एवं संगठन की उद्घोषणा की गई। संगठन भाव दृढ हो इसका स्मरण कराना इस उत्सव का उद्देश्य रहता है भारतीय किसान संघ की स्थापना विश्व के प्रसिद्ध महान चिंतक एवं विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी की प्रेरणा से हुई थी। भारतीय किसान संघ किसानों का किसानों के लिए किसानों द्वारा चलाए जाने वाला राष्ट्रवादी गैर राजनीतिक संगठन है यह किसी भी राजनीतिक दल या राजनेता का पिछलगु किसान संगठन नहीं कोई भी सरकार जितनी मात्रा में किसानों के हित में काम करेगी उतनी ही मात्रा में भारतीय किसान संघ सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएगा भारतीय किसान संघ किसानों का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसका काम सारे भारतवर्ष में है वर्तमान में देश के सभी प्रांतों में सक्रिय काम कर है। वर्तमान में 60 हजार गांव में 42 लाख की सदस्यता है और अधिकतर गांवों के किसान संपर्क में है। किसानों के विषय लेकर क्षेत्र या स्थान विशेष में शोर मचाने वाले स्थानीय संगठन कुछ दूर तक चलेंगे परंतु शांत हो जाएंगे लेकिन भारतीय किसान संघ तो देशभर में कार्यरत है एक सात्विक शक्ति है और सात्विक शक्ति ही समृद्धि और खुशहाली लाती है इसलिए इस समय संपूर्ण देश में भारतीय किसान संघ की आवश्यकता है। स्थापना दिवस हमारे चार उत्सव में से एक उत्सव है। इस अवसर पर तहसील इकाईयों के पदाधिकारी एवं सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# गेहूं उपार्जन के लिए आज से बुक होगा स्लाट

**नीमच, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में किसान पंजीयन की 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई हैं। जिले में 20 उपार्जन केंद्रों की स्थाअपना की गई है। उपार्जन नीति अनुसार जिले में गेहूं खरीदी की अवधि 15 मार्च से 5 मई 2025 तक सप्तासह के सोमवार से शुक्रवार तक खरीदी अवधि निर्धारित की गई हैं। किसानों से न्यूानतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर 2425/- रूपये प्रति क्विंटल तथा राशि 175 प्रति क्विंटल के मान से बोनस का भुगतान किया जाएगा। किसान बंधु अपने-अपने नजदीकी केंद्रों तथा कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाईन कियोस्कए पर जाकर अधिक से अधिक पंजीयन कराकर 6 मार्च 2025 से स्लॉट बुक कर अपनी उपज विक्रय कर सकते हैं।

### पंख अभियान तहत संत रविदास स्वरोजगार योजना से मिली मदद...

# ईट भट्टा व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर हुआ अंकित

**नीमच, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में समुदाय विशेष के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित पंख अभियान के तहत संत रविदास स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक मदद पिपलिया हाडी निवासी अंकित पिता विनोद को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बडा कदम साबित हुई है। इस योजना का लाभ लेकर अंकित अपने पूर्व से संचालित ईट, भट्टा व्यवसाय को विस्तारित कर, वह आर्थिक रूप से अब आत्म निर्भर भी बन गया हैं। ईट, भट्टा व्यवसाय का सफलतापूर्वक संचालन कर अंकित अब प्रतिमाह लगभग 35 से 40 हजार रूपये की आय प्राप्त कर रहा हैं।



पिपलिया हाड़ी निवासी बांछडा समुदाय के (अनुसूचित जाति) के अंकित को जब संत रविदास स्वरोजगार योजना का पता चला, तो उसने आदिम जाति कल्याण कार्यालय नीमच जाकर ईट, भट्टा व्यवसाय को और बढ़ाने के लिए ऋण आवेदन प्रस्तुत किया। अंकित को संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक मनासा से ईट, भट्टा व्यवसाय को विस्तारित करने के लिए पांच लाख रूपये का ऋण मिला। इससे उसने अपने गांव में पूर्व से स्थापित ईट निर्माण कार्य को विस्तारित किया। उसका यह व्यवसाय अच्छा से चल निकला और उसे प्रतिमाह 35 से 40 हजार रूपये की आमदनी होने लगी हैं। अब वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गया है। पंख अभियान के तहत संत रविदास योजना से मिली मदद के लिए अंकित, प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को धन्यवाद दे रहा हैं।

# नारी तू नारायणी कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह 9 को

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा मंदसौर द्वारा 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम के तहत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली एक सो मातृशक्ति को सम्मानित किया जाएगा। अभा मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा की ओर से 9 मार्च रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें मंच ने एक नवाचार करते हुए समाज में स्वालंबी महिलाओं, घरेलू कामकाजी महिलाओं, आंगन वाडी साहिकाओ, आशा उषा कार्यकर्ता के साथ ही समाज में रचनात्मक कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल, सचिव श्रीमती किरण गणेश सोनगरा प्रोजेक्ट चेयर मेन अर्चना संतोष गोयल, प्रिया विवेक पालीवाल ने बताया की मारवाड़ी युवा मंच मंदसौर द्वारा 9 मार्च रविवार को नगरपालिका सभागार में दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंच अध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल ने महिला दिवस को मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना और महिलाओं में समानता के लिए जागरूकता बढ़ाना है। इसलिए अपने हुनर ओर मेहनत के बल पर स्वालम्बी बनकर कार्य करते हुए परिवार का लालन पालन करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।

# स्वर्णकला बोर्ड सदस्य अजय सोनी उज्जैन व इंदौर संभाग प्रभारी बनाये गये

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री दुर्गेश सोनी रेहटी द्वारा मध्यप्रदेश स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य व स्वर्णकार समाज जिलाध्यक्ष अजय सोनी (कॉलोनाइजर) को बोर्ड की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उज्जैन व इंदौर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है।



बोर्ड अध्यक्ष दुर्गेश सोनी ने श्री अजय सोनी (कॉलोनाइजर) को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए अजय सोनी बोर्ड द्वारा समाज एवं युवाओं के विकास एवं उत्थान की सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य संपादित करने का सहयोग हेतु अशासकीय आमंत्रित जिला एवं तहसील सदस्य की नियुक्ति हेतु बोर्ड को नाम भेजकर अनुशंसा कर सकते है एवं जिला स्तर पर सामाजिक गतिविधियों हेतु सोनी समाज के लोगों को लेकर स्थानीय सोनी व्यापारियों को लेकर सराफा एसोसिएशन /जिला समिति के गठन में सहयोग करें। श्री अजय सोनी (कॉलोनाईजर) बताया कि वे शीघ्र ही उज्जैन व इंदौर संभाग के 15 जिलों का दौरा कर सोनी समाज के युवाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलायेंगे तथा जहां पर समाज की सराफा एसोसिएशन नहीं है वहां पर शीघ्र ही गठन करेंगे। श्री अजय सोनी (कॉलोनाईजर) की नियुक्ति पर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी, नागेश्वर सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वीराज सोनी, शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, सचिव भूपेन्द्र सोनी, जनकूपुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी मेलखेड़ावाला, सचिव जगदीश सोनी अठाना वाला, जिला महामंत्री जयप्रकाश सोनी नारायणगढ़वाला, कोषाध्यक्ष राजेश सोनी ऐरावाला, जनकूपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष दुलीचंद सोनी, सचिव मनीष सोनी लाला, विमल सोनी, विनोद सोनी एसएसएन, मनोहरलाल सोनी जावदवाला, अजय चौधरी, आशीष सोनी सीतामऊवाला, राजा भाई बाजीगर, शांतिलाल सोनी, सुधीर सोनी, विश्वनाथ सोनी, गिरीश सोनी, नवीन सोनी, भरत सोनी, दिलीप सोनी, प्रदीप सोनी चक सहित जिला स्वर्णकार समाज की समस्त तहसीलों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी एवं स्वर्णकार समाजजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### सीईओ वैष्णव ने कुण्डालिया, चिकली और भागलबुजुर्ग में...

# चिन्हित चेकडेम, खेत तालाब निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया



**नीमच, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने बुधवार को नीमच जिले की जनपद पंचायत मनासा की ग्राम पंचायत कुण्डालिया, चिकली और भागलबुजुर्ग में वाटरशेड परियोजना के तहत निर्माण के लिए चिन्हित किए जा रहे चेकडेम, खेत तालाब एवं कंटूर ट्रेंच स्थलों का मौके पर अवलोकन किया और वाटरशेड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होने निर्देश दिए, कि खेत तालाब एवं चेकडेम निर्माण स्थल के चयन में जल भराव का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने वाटरशेड परियोजना फुलपूरा की ग्राम पंचायत कुंडलिया में नवीन खेत तालाब निर्माण के लिए चिन्हित हितग्राही घीसालाल पिता गोरी लाल कछावा, प्रताप सिंह पिता भवानी सिंह, राजू पिता गोरी लाल कछावा, राजू पिता फतेह सिंह, कारुलाल पिता गोटू, मांगीलाल पिता भवरलाल, मानसिंह पिता सीताराम, नागेश्वर पिता बद्रीलाल गुर्जर, के खेत पर मौका निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा भी की। उन्होने चेकडेम एवं कंटूर ट्रेंच निर्माण के लिए चयनित स्थल का मौका मुआयना भी किया। इस दौरान वाटरशेड परियोजना अधिकारी श्री बिनोद इक्को सहित जनपद एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

# डेंजर जोन बन चुके दो दर्जन से अधिक चौराहों एवं फंटों पर बहुत जल्द लगेंगे स्पीड ब्रेकर

## भाजपा युवा नेता एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर की मेहनत लाई रंग, 18 फरवरी 2025 को मनासा एसडीएम जनसुनवाई में गंभीरता से उठाया था मामला

**मनासा, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 228 में दो दर्जन सें अधिक चौराहे और फंटे डेंजर जोन बन चुके हैं जहां पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण आए दिन हादसें हो रहें हैं इस मामले गंभीरता से लेते हुए भाजपा के युवा नेता एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने 18 फरवरी 2025 को मनासा एसडीएम जनसुनवाई कार्यक्रम में इस गंभीर मुद्दे को उठाया था और इस मामले को लेकर जनसुनवाई में आवेदन भी दिया था मनासा एसडीएम पवन जी बारिया ने



इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एमपीआरडीसी को स्पीड ब्रेकर लगाने हेतु पत्र लिखा था जिस पर एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने मामले की गंभीरता को लेते हुए एमपीआरडीसी विभाग द्वारा 10 चौराहे चिन्हित किए हैं और उन चौराहों पर एमपीआरडीसी विभाग द्वारा रंबल स्पीड ब्रेकर लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर भी हो चुके हैं जल्द ही वर्क ऑर्डर होने के बाद काम शुरू किया जायेगा राठौर यह भी बताया की इन गांवों में आने और जाने वाले फटों पर रंबल स्पीड ब्रेकर लगाने का काम बहुत जल्द शुरू किया जायेगा राठौर ने यह भी बताया कि इन गांवों के फंटों पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण आयें दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं कुछ लोग तो एक्सीडेंट में अपनी जान तक गवा बैठे हैं राठौर यें बताया की मनासा एसडीएम एवं एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारीयों इस मामले को गंभीरता लेते इस महत्वपूर्ण समस्या का समाधान किया जायेगा जिससे पर भाजपा युवा नेता एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने मनासा एमडीएम एवं एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारीयों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है राठौर ने यह भी बताया की इन गांवों के फंटों पर लगेंगे रंबल स्पीड ब्रेकर हांसपुर फंटा, दुरगपुरा फंटा ,शेषपुरा फंटा , हांडी पिपलिया फंटा ,आंतरी माता जी का फंटा ,नलखेड़ा फंटा , खड़ावदा फंटा महागढ फंटा , बरथुन फंटा,आंकली फंटा इन सभी फंटों पर रंबल स्पीड ब्रेकर जल्द लगायें जायेगे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2250 | 2315 |
| उडद | 8 | 4900 | 6081 |
| सोयाबीन | 3063 | 3351 | 4111 |
| गैहु | 5664 | 2350 | 2850 |
| चना | 280 | 4501 | 5640 |
| मसुर | 175 | 4800 | 6008 |
| धनिया | 540 | 4500 | 7000 |
| लहसुन | 20000 | 4801 | 8000 |
| मैथी | 350 | 3900 | 5375 |
| मुंगफली | 886 | 3801 | 4981 |
| अलसी | 505 | 5350 | 5990 |
| सरसो | 1116 | 4910 | 5519 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 70 | 9551 | 12600 |
| प्याज | 1094 | 851 | 2200 |
| कलोंजी | 0000 | 0000 | 0000 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 0000 | 0000 | 0000 |
| तिल्ली | 15 | 7400 | 8611 |
| जौ | 130 | 2105 | 2250 |
| मटरसुखी | 2 | 3780 | 3780 |
| असालीया | 78 | 6500 | 6800 |
| चियाबीज | 69 | 9501 | 13501 |

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान में होंगे विशेष कार्यक्रम

**07 मार्च शाम 07 बजे सैकड़ों महिलाएं करेगी शिवना मैया की महाआरती, कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में महिला श्रृंखला, खेल प्रतियोगिता, स्वास्थ्य परीक्षण, पिंक ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण, हॉट बाजार का होगा आयोजन**

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अर्थात 8 मार्च को भगवान पशुपतिनाथ की नगरी में महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

अपर कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी तारतम्य में 7 मार्च को शाम 7:00 बजे भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के घाट पर लगभग 200 महिलाओं के द्वारा शिवना मैया की आरती और दीप प्रज्वलन किया जाएगा। शिवाना मैया की आरती में गायत्री परिवार की 50 महिलाएं येलो ड्रेस के साथ शामिल होंगी। 150 महिलाएं महिला एवं बाल विकास विभाग से पिंक ड्रेस में शामिल होंगी। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सभी लाडली बहनों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक बहनें शिवना मैया की आरती कार्यक्रम में शामिल हो। इस दिन भगवान पशुपतिनाथ मंदिर को भी पिंक कलर से सजाया जाएगा। 8 मार्च महिला दिवस के दिन भगवान पशुपतिनाथ की पूजन अर्चन, सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, कार्यालय के कार्य अर्थात मंदिर के सभी प्रकार की व्यवस्था एवं कामकाजी महिलाओं के द्वारा ही किए जाएंगे। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 09:00 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिलाओं के द्वारा डब्लू आकार में महिला श्रृंखला बनाकर पिंक बैलून को आकाश में उड़ाया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। रस्सा कस्सी की प्रतियोगिता आयोजित होगी। कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटिज्म परिसर में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं / किशोरियों / कामकाजी महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट, बीपी टेस्ट, शुगर जांच, स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी एक्स रे जांच एवं निक्षय अभियान कैंप का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस दौरान कामकाजी महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर के संबंध में वर्कशॉप आयोजन होगा। महिलाओं को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। अनुयोग अस्पताल द्वारा 8 मार्च को प्रात: 10:00 से नई फतेहगढ़ मंदसौर में कालबेलिया समाज की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। साथ ही जेल की सभी कैदी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा महिलाओं/ किशोरियों/ कामकाजी महिलाओं के लिए पिंक ड्रायविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित स्थानीय सामग्रियों, व्यंजनों का ऑडिटोरियम में हाट बाजार लगाया जाएगा। स्टॉल प्रदर्शन किया जाएगा। ई-रिक्शा महिला वाहन चालकों का आंख परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इस अवसर पर जिले में संचालन कर रही ई रिक्शा वाहन चालक महिलाओं का आंखों की जांच की जाएगी एवं उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही महिला चालकों को परिवहन के दौरान बरतने वाली सावधानियां, सड़क सुरक्षा के नियम आदि के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

## प्रदेश की 07 स्मार्ट सिटी में सुशासन के लिये कंट्रोल सेंटर और ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम

**नागरिक सेवा को और बेहतर बनाने के लिये एआई तकनीक का होगा उपयोग**

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में 7 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। चिन्हित शहरों में सुशासन और नागरिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिये आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन चयनित शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और इंटेलिजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है। नागरीय सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिये अब एआई तकनीक का भी उपयोग किया जायेगा।

आईसीसीसी तकनीक से स्मार्ट सिटीज शहरों में नागरिक सेवाओं के क्रियान्वयन पर सतत् निगरानी का कार्य किया जा रहा है। नागरिक सेवाओं में डेटा संचालन और निर्णय लेने में भी यह बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आईसीसीसी और आईटीएमएस प्रणाली के संचालन के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा एजेंसी का चयन किया गया है। इन दोनों प्रणालियों में रियलटाइम में डेटा एकत्र कर त्वरित कार्यवाही करने की क्षमता है। इन प्रणालियों के जरिये स्मार्ट सिटी में जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी शहर की सेवाओं की लगातार निगरानी की जाना संभव हुआ है।

**नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन–**केन्द्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (एनडीयूएम) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को शामिल करने का निर्णय लिया है। एआई तकनीक से नागरिक सेवाओं को को और बेहतर किया जा सकेगा। आईसीसीसी तकनीक स्मार्ट सिटी में अपशिष्टसंग्रह वाहनों की वास्तविक समय की ट्रेकिंग को सक्षम बना रहा है, जिससे समय पर कचरा निपटान और सफाई सुनिश्चित हो रही है। भविष्य में इन केन्द्रों को स्वचलित अलर्ट स्वच्छता संबंधी मुद्दों को तुरंत निराकृत करने में सक्षम किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। स्मार्ट सिटी में जल वितरण और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों को कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी में रखा जा सकेगा। इससे पानी के अपव्यय को काफी हद तक कम करने और शहर में पानी की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। इसी के साथ आईसीसीसी के माध्यम से स्मार्टग्रिड और स्ट्रीटलाइट ऑटोमेशन ऊर्जा की खपत को कम करने और विद्युत वितरण व्यवस्था को और दक्ष बनाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**कुशल यातायात और परिवहन प्रबंधन–**वर्तमान में 7 स्मार्टसिटीज में आईसीसीसी के साथ एकीकृत निगरानी प्रणाली अपराध की रोकथाम और यातायात प्रबंधन में मदद कर रही है। कोविड-19 के दौरान समस्त स्मार्ट सिटी के कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर ने स्टेट वार रूम के रूप में सेवा देकर सराहनीय कार्य किया है। प्रदेश की 7 स्मार्ट सिटी में आईटीएमएस द्वारा भीड़-भाड को कम करने, दुर्घटनाओं को कम करने और शहरी गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिये लगातार काम किये जा रहे हैं। इस प्रणाली के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नल और रियल टाइम ट्रैफिक का विश्लेषण भी किया जा रहा है। सातों स्मार्टसिटीज में 303 स्थानों पर 2301 कैमरे लगाये गये हैं। पिछले 3 वर्षों में ईस प्रणाली के माध्यम से करीब 27 लाख 25 हजार ई-चालान की कार्रवाईयां की गई हैं। स्मार्ट सिटी शहरों में नागरिकों से जुड़ी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिये विभिन्न तकनीकों का एकीकरण किये जाने के भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 12 को

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 12 मार्च 2025 को होगी। बैठक दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष, मंदसौर में आयोजित होगी।

**जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 12 को** –मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 12 मार्च को होगी। बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1:00 बजे आयोजित होगी।

## जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन कल

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि म.प्र. शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 07 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे से शासकीय पी. जी. कॉलेज परिसर, सुवासरा जिला मदंसौर में युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। बेरोजगार युवा रोजगार मेले का लाभ उठाए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजको द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा आवेदकों की काउंसिलिंग कर केरियर मार्ग दर्शन व परामर्श दिया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रांरभ करने के लिए लोन की प्रक्रिया को लेकर अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

## संतूर बड़ा ही मासूम साज है–डा.अग्रवाल

**संतूर वाद्य लेकडेम विरासत श्रृंखला का पहला कार्यक्रम सम्पन्न**



**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्पिक मैके द्वारा आयोजित संतूर वाद्य लेकडेम विरासत श्रृंखला का पहला कार्यक्रम स्थानीय डाइट कालेज में सम्पन्न हुआ। देश की पहली महिला संतूर वादिका विदुषी डॉ वर्षा अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को संतूर वाद्य के बारे में विस्तार से समझाया संतूर एक कश्मीरी वाद्य है यह 100 तारों की वीणा है इसलिए इसका नाम शत् तंत्रीय वीणा पड़ा। इसे अर्ध चक्रासन मुद्रा में बैठकर बजाया जाता है तथा इस डेमोंस्ट्रेशन की पहली कड़ी में राग भीम पलासी प्रस्तुत किया गया गीत के स्वर थे 'जा जा रे अपने मंदिर वा' तथा संतूर की बारीकियां एवं राग के अंग को सभी 150 विद्यार्थियों को समझाया।

इसके बाद धमार ताल की प्रस्तुति हुई। राग भीमपलासी में आलाप जोड़ झाला की प्रस्तुति दी तत्पश्चात विलंबित गत का प्रदर्शन किया। संतूर के साथ तबले की नोक झोंक एवं सवाल जवाब द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ। तबले पर सुंदर एवं मोहक संगति पंडित ललित महंत जी ने की। इसके पूर्व मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती टेरेसा मिंज एवं प्राचार्य श्री दिलीप सिंह राठौर ने कलाकारों व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। संस्था प्राचार्य श्री राठौर ने स्पिक मैके मंदसौर चेप्टर की परामर्शदाता श्रीमती चन्दा डांगी का संस्थान में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डाइट कालेज का पूरा स्टाफ, कोऑर्डिनेटर अजय डांगी, संगीत महाविद्यालय जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र त्रिवेदी तथा श्री नरेन्द्र भावसार भी उपस्थित थे।

## मनमोहक राजस्थानी कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब, राजस्थानी गाने व सांवरिया सेठ के भजनों पर प्रस्तुतियां





**कुकड़ेश्वर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिवरात्रि के 10 दिवसीय मेले का आयोजन नगर परिषद कुकड़ेश्वर के तत्वाधान में प्रगति पर है। गत रात्रि 3 मार्च को राजस्थानी कार्यक्रम का आयोजन मंचासीन अतिथीयों की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के सूत्रधार विनोद गगरानी मन्दसौर द्वारा राजस्थानी कलाकरों के माध्यम से एक से बढ़कर एक, मनमोहक कार्यक्रम मंच के माध्यम से प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना गायक कलाकार नरेश चौहान के माध्यम से गाकर की गई। ततपश्चात राजस्थानी महिला कलाकारों द्वारा राजस्थानी गीत पधारो म्हारे देश... पीली लुगड़ी... घूमर... मीठे रस से भरयोनि राधा रानी लागे... सहित कई गीतों पर बेहतरीन व मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई। राजस्थानी कार्यक्रम में दर्शकों ने देर रात तक देखने का लुफ्त लिया। नगर परिषद अध्यक्षा उर्मिला पटवा, नगर परिषद अधिकारी कमलसिंह परमार, मेला अध्यक्ष राजू रामचन्द्र खाती, विधायक प्रतिनिधि कैलाश मालवीय घाटी, नरेंद्र मालवीय, जिनेन्द्र मारू, विनोद मोदी, भेरू रोदवाल, बलवन्त खींची, कैलाश राठौर, लोकेश तुगनावत, मदन मौर्य, रामकिशन रावत, मुकेश जिगर सहित नगर के कई वरिष्ठजन ने मौजूद रहकर राजस्थानी कला की सराहना की। 4 मार्च को अर्धनारीश्वर नृत्य नाटिका (संस्कृति विभाग भोपाल) द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वंही 6 मार्च को भव्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा। कवि सम्मेलन में लगभग 4 हास्य कवियों द्वारा सम्मेलन को भव्यता दी जाएगी। नगर परिषद अध्यक्षा उर्मिला पटवा, सी एम ओ कमलसिंह परमार, मेला अध्यक्ष राजू रामचन्द्र खाती व समस्त पार्षदगणों ने क्षेत्रवासियो से अपील की है कि उपरोक्त दोनों ही आयोजनों में आप सपरिवार पधारकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## टीबी मरीजों के लिए 101 फुट बकेट प्रदान किए



**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस। साईनाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भेसोदा मंडी द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों के लिए 101 फुट बकेट निक्षय मित्र बनते हुए प्रदान किए गए साथ ही जन जागरूकता के लिए अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यशाला के दौरान वर्चुअल माध्यम से कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुकूल जैन द्वारा अभियान के बारे में जानकारी दी गई एवं अस्पताल प्रबंधन को निक्षय मित्र बनते हुए 101 फूड बकेट के लिए शुभकामनाएं देते हुए अभियान में जुड़ने के लिए आग्रह किया गया। उक्त आयोजन साईनाथ हॉस्पिटल भेसौदा मंडी द्वारा संपादित किया गया।

## ग्राम पंचायत जाट की नल जल योजना हैंडओवर

**नीमच, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने बताया कि ग्राम पंचायत जाट की रिट्रोफिटिंग नल जल योजना का कार्य पूर्ण होकर सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और यह नल जल योजना हस्तांतरित हो गई है।

नल जल योजना हस्तांतरित नहीं होने पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण जिला पंचायत सीईओ द्वारा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत जाट की नल जल योजना का कार्य पूर्ण होकर योजना सुचारू रूप से संचालित हो रही है और ग्राम पंचायत द्वारा नल-जल योजना को हैंडओवर कर लिया गया है।

## झाबुआ में डीजे वालों ने इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर लगाया जाम, पुलिस के वाहनों पर किया पथराव

**झाबुआ, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** झाबुआ से होकर गुजर रहा अहमदाबाद से इंदौर होते हुए बैतूल जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग करडावद के पास डीजे संचालकों ने जाम लगा दिया। उन्होंने डीजे बजाने की मांग सहित कई अन्य मांगों को लेकर नेशनल हाईवे पर कब्जा जमा लिया। इस दौरान जब पुलिस रास्ता खुलवाने के लिए पहुंची तो उनके वाहनों पर पथराव कर दिया।

**पुलिस वाहनों को दूसरे रूट से निकाल रही–**इस पर पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ना पड़े। घटना के बाद से नेशनल हाईवे बंद हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस वाहनों को दूसरे रूट से निकाल रही है। डीजे संचालक साउंड सिस्टम का उपयोग करते हुए गाने बजाने की अनुमति की मांग कर रहे हैं।

**शोरगुल मचाने वालों पर पुलिस है सख्त–**वे चाहते हैं कि साउंड सिस्टम पर गाने बजाने पर उन पर कोई कार्रवाई ना हो। जबकि परीक्षाओं के चलते डीजे साउंड सिस्टम बजाने पर रोक लगी हुई है। इसी के साथ शोक गुल मचाने वालो के खिलाफ पुलिस सख्त है।

## नपा में 08 को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, राजस्व समिति सभापति कौशल्या बंधवार, सीएमओ सुधीर कुमारसिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि की अधिभार राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। जो करदाता बकाया टैक्स की अधिभार राशि (पेनल्टी) में छूट प्राप्त करना चाहते है वह नगरपालिका में दिनांक 08 मार्च 2025 के पूर्व ही उपस्थित होकर अपनी आई.डी. बनवा लेवे ताकि लोक अदालत के दिन उन्हें टैक्स जमा कराने में असुविधा न हो। अत: समस्त कर दाताओं से अपील की जाती है कि समय पूर्व अपनी सम्पत्ति की आई.डी. बनवा कर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट का लाभ लेवें।

## रंगोली प्रतियोगिता की विजेता श्रीमती हिमानी गुप्ता हुई सम्मानित



**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता की चतुर्थ स्थान प्राप्त विजेता श्रीमती हिमानी प्रद्युम्न गुप्ता मन्दसौर को युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र उदिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक पोरवाल पूर्व जिला अध्यक्ष ( राशि प्रायोजक) जगदीश घाटिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमन फरक्या राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विठ्ठल गुप्ता राष्ट्रीय सचिव अंशुल रत्नावत राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल वेद विशेष आमंत्रित सदस्य राजेंद्र गुप्ता मोया वाले प्रदीप घाटिया संजय घाटिया इंदौर, विजय सेठिया सुवासरा सहित पोरवाल युवा संगठन के सदस्यो ने उनके निवास पर जाकर सम्मान पत्र एवं विजेता राशि प्रदान कर सभी ने बधाई दी।

## विधायक जैन द्वारा विजेंद्र को बिना देरी किए व्हील चेयर प्रदान की

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकप्रिय मंदसौर विधायक विपिन जैन द्वारा विजेंद्र नामदेव उम्र 56 वर्ष खानपुरा मंदसौर निवासी को एक व्हीलचेयर प्रदान की गई है।



गौर तलब है कि विजेंद्र के पैर में गेंगरीन नामक बीमारी होने के कारण दोनों पैर एक एक कर के क्रमश: 3,3 बार काटने पड़े। जब वो ऑपरेशन करवाकर आए तो कल उनके बेटे शुभम ने विधायक विपिन जैन से मुलाकात कर एक निवेदन किया कि उनके पापा को एक व्हील चेयर की आवश्यकता है जिस पर विधायक विपिन जैन ने पीड़ित मानवता की सेवा भावना एवं परोपकार की भावना का भाव रखते हुए बिना देरी किए हुए तत्काल 5 मिनट में ही उनके बेटे को चेयर प्रदान कर दी।

## दिव्यांग शिविर में 65 दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए

**नीमच, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार एव जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव , उपसंचालक सामाजिक न्याय सुश्री किरण आंजना के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन नीमच में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच द्वारा श्रवण बाधित दिव्यांगजनों के लिए श्रवण बाधित दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाए गए। शिविर में बुधवार को67 दिव्यांगजन उपस्थित रहे जिसमें से 38 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए गए और13 दिव्यांग जनों को बेरा टेस्ट के लिए रेफर किया गया , 14 दिव्यागों को चिकित्सीय ईलाज के लिए भेजा गया एवं एक दिव्यांगजन का परमानेंट कार्ड बना हुआ थे एवं एक दिव्यांग का स्थाई प्रमाण पत्र बनाया गया। इस दो दिवसीय शिविर में कुल 117 पंजीयन हुए जिसमें कुल 65 दिव्यांग प्रमाण पत्र बने।उक्त कैंप में आगर से नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ एम एल मालवीया द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए एवं कान की जांच सीनियर ऑडियोलॉजिस्ट सूर्यकांत शर्मा द्वारा की गई यह जानकारी क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट भूरालाल अहिर ने दी।

## जिले में फर्जी पट्टा प्रकरण के आरोपी...

पेज 1 से जारी

(राजस्व) नीमच को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया कि ग्राम चीताखेड़ा स्थित मंशापूर्ण बालाजी मंदिर की दीवार को तोड़कर कुछ अज्ञात लोगों ने अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की। इस दौरान विक्रम सुथार ने उक्त भूमि पर अपना स्वामित्व बताया और एक पट्टा दस्तावेज प्रस्तुत किया। प्रशासन द्वारा जब इस दस्तावेज की जांच की गई, तो यह संदिग्ध पाया गया। तहसीलदार ने मूल रिकॉर्ड खंगालने के बाद स्पष्ट किया कि आरोपी के नाम पर कोई वैध पट्टा जारी नहीं किया गया था। इसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि हड़पने के प्रयास का मामला सामने आया।

**प्रशासन की कार्रवाई–** 1. अपर कलेक्टर नीमच ने आरोपी द्वारा प्रस्तुत पट्टे को फर्जी मानते हुए अपील को निरस्त कर दिया। 2. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीमच ने आदेश जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए। 3. तहसीलदार जीरन को सरकारी दस्तावेजों में कूट रचना करने के आरोप में विधि अनुसार कारवाई के निर्देश दिए गए। 4. थाना जीरन पुलिस ने खझउ की धारा 420 और 467 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


## संयुक्त उठावना व शोक निवारण

स्व. मनोहरलाल जी चौरडिया के सुपुत्र व सुजानमल जी के भतीजे एवं संजय, शैलेश, प्रदीप के बड़े भ्राता व सिद्धार्थ चौरडिया के पिताजी एवं नानालाल जी कोठी फोड़ा (नीमच वाजे) के दामाद श्री प्रकाशचंद जी चौरडिया का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 4 मार्च 2025 मंगलवार को हो गया है। जिनका उठावना 6 मार्च 2025 गुरूवार को प्रात: 10 बजे और शोक निवारण 11 बजे अन्नक्षेत्र न्यास मदारपुरा फाटक जनकुपुरा पर रखा गया है।



***** शोकाकुल *****
**सुजानमल चौरड़िया एवं समस्त चौरड़िया परिवार मंदसौर**
**लालचंद, श्रीपाल, प्रकाशचन्द्र, राजेश कुमार, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार एवं समस्त कोठी फोड़ा परिवार नीमच**
**फर्म:– चौरड़िया टेंट हाउस बड़ा चौक मंदसौर**


## भारतीय ज्ञान परम्परा के विकास में महिलाओं की भूमिका पर संगोष्ठी आज से

**मंदसौर, 05 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लतामंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डॉ. उषा अग्रवाल ने बताया की महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा में महिलाओ की भूमिका विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 6 व 7 मार्च 2025 का आयोजन किया जा रहा है खइसमें लखनऊसे डॉ. सुषमा त्रिवेदी घशू छींश स्पीकर और उज्ञैन से डॉ. अंशु भारद्वाज, डॉ. रंजना शर्मा विषय-विशेषज्ञ के रूप में संगोष्ठी में सम्मिलित हो रही है ख संगोष्ठी में 70 प्रतिभागी भाग ले रहे है जिनमे से कुछ ऑनलाइन भी जुड़ेंगे और भारतीय ज्ञान परम्परा के विकास में महिलाओ की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे खसंगोष्ठी में प्रात: 10:00 बजे उद्घाटन सत्रमें श्रीमती रमादेवी गुर्जर अध्यक्ष नगरपालिका एवं श्रीमती अदिति गर्ग जिला कलेक्टर मंदसौर, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे एवं 4 अन्य तकनीकी सत्र होंगे, जिनमे शोध-पत्र वाचन किया जायेगा।

**सेमिनार का परिचय–** भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध परंपराओं में से एक है, जिसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक महिलाओं ने शिक्षा, कला, साहित्य, संगीत, दर्शन, योग, चिकित्सा एवं समाज सुधार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। आज भी अनेक महिलाएं ऐसी है जिनके योगदान को रेखांकित किया जाना शेष है ख अत: ऐसी महिलाओं के योगदान पर शोध किया जाना आवश्यक है।

इस सेमिनार का उद्देश्य न केवल महिलाओं के योगदान को रेखांकित करना है, बल्कि उन्हें भविष्य में और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श करना भी है। यह आयोजन समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने का एक सार्थक प्रयास होगा। इस संगोष्ठी में बाहर से काफी विद्वान आ रहे है। जिनके द्वारा निम्नलिखित विषयों पर शोध पत्र वाचन किया जायेगा।

**मुख्य विषयवस्तु–** भारतीय ज्ञान परंपरा का परिचय, अवधारणा, इतिहास , ✻ प्राचीन भारत में महिलाओं की विद्वत्ता की ऐतिहासिक दृष्टि, ✻ भारतीय साहित्य, वेदों एवं उपनिषदों में महिलाओं की भूमिका, ✻ आधुनिक काल में समाज सुधार के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान, ✻ महिलाओं का योग, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा प्रणाली में योगदान, ✻ भारतीय कला एवंसंस्कृति में महिलाओं की भूमिका, ✻ भारतीय संगीत में महिलाओं की भूमिका, ✻ भारतीय नृत्य के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, ✻ लोक कला के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, ✻ विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, ✻ चिकित्सा एवं जैव विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान,✻ अन्तरिक्ष विज्ञान एवं खगोलशास्त्र के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान, गणित के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान,✻ महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु नीतियाँएवंयोजनायें, ✻ सरकार द्वारा STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित) क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएँ। ✻ डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से महिलाओं की विज्ञान में बढ़ती भागीदारी। विज्ञान में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए "INSPIRE", "Vigyan Jyoti" जैसी योजनाएँ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in